**FORM NO III**

फर्द अहकाम

(नियम 26)

**अज अदालत उपखण्ड अधिकारी अंराई** **मुकाम अराई (अजमेर)**

**• रामनिवास पुत्र श्री नारायण जाति रेगर आयु 64 साल निवासी ग्राम ढसूक , तंहसील अराई जिला अजमेर**

**–प्रार्थी**

## बनाम

**• अरविन्द कुमार कासोटिया पुत्र श्री गीगराज कासोटिया जाति रेगर निवासीगण ग्राम ढसूक तहसील अराई व अन्य**

**–अप्रार्थीगण।**

किस्म मुकदमा– धारा 111,128 आरटीए

नंबर 36 / **2025**

ऑनलाइन नंबर **2025 / ...........**

**वकील प्रार्थी :– श्री विजय पोषक** **वकील अपार्थीगण........**

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए |
|---|---|---|
| 4.7.2025 | **यह प्रार्थना पत्र प्रार्थी की ओर से वकील श्री विजय पोषक ने अन्तर्गत धारा धारा 111,128 आरटीए के तहत पेश किया गया। प्रार्थना पत्र पर वकील प्रार्थी को सुना गया तथा पेश दस्तावेज का अवलोकन किया गया। प्रकरण को दर्ज रजिस्टर किया जावे तथा अप्राथीगणों की तलबी जरिये सम्मन की जाकर पत्रावली दिनांक ...8/8/2025..........को पेश हो।**<br><br>**उपखण्ड अधिकारी अराई** | |
| 8/8/25 | पत्रावली पेश हुई। वकील पक्षकारान उप०। प्रतिवादी संख्या 1,3,8,16,23,32,21,35,40,49 की ओर से वकील योगेश शर्मा ने वकालतनामा पेश किया जो शामिल मिसल है। शेष की तामिली शेष है। पत्रावली दिनांक 3/10/25 को पेश हो।<br>WB | |
| 3/10/25 | पत्रावली पेश हुई। वकील पक्षकारान उप०। पत्रावली वास्ते शेष तामिली बाबत दिनांक 10/10/25 को पेश हो। WB | |

10/10/25 पत्रावली पेश हुई। वकील पक्षकारान उपस्थित। वादी तहसील रिपोर्ट पेश करे। पत्रावली दिनांक 17/10/25 को पेश हो।

17/10/25 पत्रावली पेश हुई। वकील पक्षकारान उप.। तहसील रिपोर्ट। लगायत 86 प्राप्त हुई जो शामिल पत्रावली है। प्रति. 1,3,8,16,29,32,21,35,40,49 इश्तहार प्रकाशन हेतु तलबाना की एक प्रति अदालती की जाती है। इश्तहार जवाब हेतु दिनांक 14/11/25 को पेश हो।

WR

14/11/25 पत्रावली पेश हुई। वकील पक्षकारान उप.।
T.D.R. रिपोर्ट प्राप्त हुई। [illegible]
प्र.1,3,8,16,23,32,21,35,40,49 ना पाबन्द [illegible]
पत्रावली दिनांक 28/11/25 को पेश हो

WR
उपखण्ड अधिकारी
अराई

28/11/2025 पत्रावली पेश हुई वकील पक्षकारान उप.। वास्ते बहस हेतु दिनांक 19/12/2025 को पेश हो।

WR

19/12/2025 पत्रावली पेश हुई वकील पक्षकारान उप.। बहस सुनी गई। पत्रावली का अवलोकन किया गया। वादी का वाद स्वीकार किया जाता है। आदेश पृथक से तैयार कर शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली फैसलशुदा होकर नम्बर से खारिज हो।

WR

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी अराई (अजमेर)

विधिक राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या 36 / 2025

रामनिवास पुत्र श्री नारायण जाति रेगर आयु 64 वर्ष निवासी ग्राम ढसूक तहसील अरॉई जिला अजमेर (राज.)

प्रार्थी

बनाम

1. अरविन्द कुमार कासोटिया पुत्र श्री गीगराज कासोटिया जाति रेगर
2. इन्द्रा पुत्री श्री धन्ना जाति रेगर
3. उमराव पुत्र श्री काना जाति रेगर
4. ओमप्रकाश पुत्र श्री बंशी जाति रेगर
5. कंचन पुत्री श्री झीता जाति रेगर
6. कमला पत्नी श्री गणपत जाति रेगर
7. नाबालिग करण जाटोलिया पुत्र बेनाथ संरक्षक माता बसन्ती जाति रेगर
8. कैलाश पुत्र श्रवण जाति रेगर
9. कालूराम दतक पुत्र केला जाति रेगर
10. नाबालिग गजानन्द जाटोलिया पुत्र बेनाथ जर्ये संरक्षक कुदरती माता बसन्ती पुत्र बेनाथ जाति रेगर
11. गणेश पुत्र कालूराम जाति रेगर
12. गीता देवी पत्नी बंशी जाति रेगर
13. गोपाल पुत्र सोन्या जाति रेगर
14. चन्द्रकला पुत्री भगवान जाति रेगर
15. छोटी पत्नी श्री मोहन जाति रेगर
16. जगदीश पुत्र श्रवण जाति रेगर
17. ज्ञानी पत्नी भगवान जाति रेगर
18. धन्नी पत्नी श्री झीता जाति रेगर
19. नौरतमल पुत्र श्री बंशी जाति रेगर
20. पूजा पुत्री श्री कालूराम जाति रेगर
21. पप्पू पुत्र श्री बींजा जाति रेगर
22. प्रेम पुत्री श्री झीता जाति रेगर
23. पांचू पुत्र लादू जाति रेगर

WD

24. बसन्ती पत्नी बेनाथ जाति रेगर

25. भागचन्द पुत्र मोहन जाति रेगर

26. भागचन्द पुत्र झीता जाति रेगर

27. भागचन्द पुत्र ऊँकार जाति रेगर

28.मंजू पुत्री भगवान जाति रेगर

29. मदनलाल पुत्र श्रीकिशन जाति रेगर

30. मनफूल पत्नी रामेश्वर जाति रेगर

31. मैना पुत्री मोहन जाति रेगर

32. मूलचन्द पुत्र श्रीकिशन जाति रेगर

33. नाबालिग मंशा पुत्री कालूराम जरिये कुदरती संरक्षक माता श्रीमती रामकन्या पत्नी श्री कालूराम जाति रेगर

34. महेन्द्र पुत्र गणपत जाति रेगर

35. महावीर पुत्र बींजा जाति रेगर

36. मांगीलाल पुत्र झीता जाति रेगर

37. मोहन पुत्र लादू जाति रेगर

38. रेखा पुत्री गणपत जाति रेगर

39. रतनी पत्नी कालू जाति रेगर

40. रसाल पत्नी रामदयाल जाति रेगर

41. नाबालिग राकेश पुत्र कालूराम कुदरती संरक्षक माता श्रीमती रामकन्या पत्नी श्री कालूराम जाति रेगर

42. रामकन्या पत्नी कालूराम जाति रेगर

43. रामरतन पुत्र श्री छीतर जाति रेगर

44. रामस्वरूप पुत्र मोहन जाति

45. लक्ष्मीनारायण पुत्र छीतर जाति रेगर

46. लाड़ा पुत्री श्री कालू जाति रेगर

47. श्योजी पुत्र श्री हुक्मा जाति रेगर

48. संतोष पत्नी श्री छीतर जाति रेगर

49. सुमित्रा पत्नी श्री पप्पू जाति रेगर

50. सूरजकरण पुत्र भगवान जाति रेगर

51. सुरेश पुत्र श्री गणपत जाति रेगर

52. सीताराम पुत्र श्री बंशी जाति रेगर

WD

53. सीताराम पुत्र श्री मोहन जाति रेगर
54. सीमा पुत्री श्री मोहन जाति रेगर
55. सोहन पुत्र श्री सुगना जाति रेगर
56. हनुमान पुत्र कालू जाति रेगर
57. नूरी पत्नी श्री अली मोहम्मद जाति तेली
58. यासीन पुत्र रहमान जाति तेली
59. प्रेम पत्नी यासीन मोहम्मद जाति तेली
60. लालमोहम्मद पुत्र रहमान जाति तेली
61. सुलेमान पुत्र रहमान जाति तेली
62. कमला पुत्री लाला जाति रेगर
63. घीसी पुत्री पन्ना जाति रेगर
64. मुन्नी पुत्री पन्ना जाति रेगर
65. माया पुत्री पन्ना जाति रेगर
66. केसर पुत्री पन्ना जाति रेगर
67. प्रेम पत्नी हीरा जाति रेगर
68. यतीन्द्र पुत्र हीरा जाति रेगर
69. पार्वती पुत्री हीरा जाति रेगर
70. रामरतन पुत्र धन्ना जाति रेगर
71. भागचन्द पुत्र धन्ना जाति रेगर
72. ओमप्रकाश पुत्र धन्ना जाति रेगर
73. रतनी पुत्री धन्ना जाति रेगर
74. रामप्यारी पुत्री धन्ना जाति रेगर
75. सुरेश पुत्र किशना जाति रेगर
76. सुनील पुत्र किशना जाति रेगर
77. सुरेन्द्र पुत्र किशना जाति रेगर
78. सुशील पुत्र किशना जाति रेगर
79. दीनदयाल पुत्र किशना जाति रेगर
80. धारा पत्नी रामनिवास जाति रेगर
81. प्रेम पत्नी हीरा जाति रेगर

WD

82. फूला पत्नी श्योजी जाति रेगर

83. मीरा पुत्री लाला जाति रेगर

84. नाबालिग यतीन्द्र पुत्र हीरा कुदरती संरक्षक माता प्रेम पत्नी श्री हीरा जाति रेगर

85. रामरतन पुत्र धन्ना जाति रेगर

86. विमला पत्नी रतन जाति रेगर

सर्व निवासीगण ग्राम ढसूक तहसील अरॉई जिला अजमेर (राज.)

87. राज्य सरकार जरिये श्रीमान् तहसीलदार साहब, अरॉई

अप्रार्थीगण

**निर्णय प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू.राजस्व अधिनियम 1956 के तहत**

निर्णय दिनांक 29/12/2025

वकील वादी श्री विजय पोषक एडवोकेट

प्रार्थीगण की और से एक प्रार्थना पत्र वकील श्री विजय पोषक एडवोकेट .द्वारा अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम के तहत पेश किया गया । वकील वादी ने निवेदन किया कि प्रार्थी ग्राम ढसूक तहसील अरॉई जिला अजमेर का स्थाई निवासी है। प्रार्थी के कब्जे काश्त एवं खातेदारी की निम्न वर्णित कृषि भूमि ग्राम ढसूक पटवार हल्का ढसूक भू अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र ढसूक तहसील अरॉई जिला अजमेर (राज.) में स्थित है

| खाता संख्या नया | पुराना | खसरा संख्या | रकबा | किस्म |
|---|---|---|---|---|
| 355 | 174 | 1194/260 | 0.3074 हैक्टेयर | बरानी 3 |
| | | 1239/260 | 0.2993 हैक्टेयर | बरानी 3 |
| | | 260 | 1.3349 हैक्टेयर | बरानी 3 |

प्रार्थी की उपरोक्त पेरा संख्या 1 में वर्णित भूमि के दक्षिण दिशा में अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 56 की कृषि भूमि खसरा नम्बर 280 अवस्थित है, उत्तर दिशा में गै.मु. रास्ता खसरा नम्बर 290 व 259 अवस्थित है जो अप्रार्थी संख्या 87 में न्यस्त हैं। पूर्व दिशा में अप्रार्थीगण संख्या 57 लगायत 61 की भूमि कमशः खसरा नम्बर 1176/261 व खसरा नम्बर 261 अवस्थित है। पश्चिम दिशा में अप्रार्थीगण संख्या 62 लगायत 86 की कब्जे काश्त की भूमि खसरा नम्बर 289 व गै.मु. रास्ता 1297/289 अवस्थित है जो अप्रार्थी संख्या 87 में न्यस्त है। प्रार्थना पत्र के पेरा संख्या 2 में वर्णित प्रार्थी के कब्जे काश्त एवं खातेदारी की कृषि भूमि के उपरोक्त वर्णित अड़ौसी पड़ौसी खातेदारान के मध्य आपसी सीमाओं को लेकर आये दिन सीमा सम्बन्धी विवाद उत्पन्न होता रहता है। प्रार्थी के खेत की सीमाओं को अप्रार्थीगण जुताई हंकाई करते समय तोड फोड़ करते रहते है तथा मौके पर विवाद उत्पन्न करते रहते है। अप्रार्थीगण व उनके परिजन प्रार्थी से लड़ाई झगड़ा करने पर उतारू रहते है लड़ाई झगड़ा करते रहते है, प्रार्थी द्वारा सीमा विवाद को लेकर किये गये लड़ाई झगड़े बाबत पुलिस थाना अरॉई में प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 94/2025 दिनांक 01.06.2025 को दर्ज करवाई गई है। सीमा विवाद होने के कारण प्रार्थी अपनी प्रार्थना पत्र के पेरा संख्या 2 में वर्णित कृषि भूमि के चर्तुदिशा में प्रार्थी व अप्रार्थीगण की भूमि के मध्य पत्थरगढ़ (निशादेही) करवाना चाहता है ताकि भविष्य में सीमाओं को लेक प्रार्थी एवं अप्रार्थीगण में कोई विवाद पैदा नहीं हो। प्रार्थना पत्र के पेरा संख्या 2 में वर्णित कृषि भूमियो के सटाकर अप्रार्थीगण की भूमियां स्थित है। प्रार्थना पत्र के पेरा संख्या 2 में वर्णित कृषि भूमि पर प्रार्थी के पड़ौस के खातेदार अप्रार्थीगण प्रार्थी की भूमि पर नाजायज कब्जा करना चाहते है एवं प्रार्थी की कृषि भूमि की सीमाओं को तोड़ते हुए नाजायज कब्जा करने पर उतारू है। प्रार्थी एवं अप्रार्थीगण के मध्य प्रतिवर्ष कृषि भूमि की जुताई के समय सीमा सम्बन्धी विवाद उत्पन्न होता है। अप्रार्थीगण अपनी निर्धारित सीमा जोत में मौके पर पत्थरगढ़ी (निशादेही) नहीं होने की

wp/

ओट में प्रार्थी की कृषि भूमि में कब्जा करने का असफल प्रयास करते है जिसको मौके पर प्रार्थी की भूमि पर हदबन्दी करवाकर, उस पर पत्थरगढ़ी (निशादेही) करवाकर के ही विवाद को रोका जा सकता है। प्रार्थी ने सीमाज्ञान हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था जिस पर दिनांक 10.06.2025 को प्रार्थना पत्र के पेरा संख्या 2 में वर्णित भूमि का अप्रार्थीगण की उपस्थिति में सीमाज्ञान करवाये जाने के बावजूद अप्रार्थीगण व उनके परिजन मानने को तैयार नहीं है तथा आये दिन विवाद करते रहते है। इसलिये यह प्रार्थना पत्र वास्ते पत्थरगढ़ी (निशादेही) करवाने हेतु पेश करना आवश्यक हुआ है। अप्रार्थीगण जो प्रार्थी की पेरा संख्या 2 में वर्णित भूमि के पड़ौसी खातेदार काश्तकार है, को जरिये नोटिस तलब कर मौके पर वरवक्त पत्थरगढ़ी (निशादेही) के उपस्थित होने हेतु एवं अप्रार्थी संख्या 87 को पत्थरगढ़ी कर हदवन्दी, पत्थरगढ़ी चिन्हित करने के आदेश प्रदान करना आवश्यक है। खातेदारी भूमि खसरा संख्या 289 के खातेदार छोटी पत्नी पन्ना व धन्ना पुत्र लादू एवं हीरा पुत्र पन्ना एवं किशना पुत्र धन्ना जाति रेगर निवासी ढसूक तहसील अरॉई जिला अजमेर का देहान्त हो चुका है जिनका नामान्तकरण नहीं खुला है जिनके वारिसान अप्रार्थी संख्या 63 लगायत 79 अप्रार्थी के रूप में संयोजित है। अप्रार्थी संख्या 87 में गै.मु. रास्ते खसरा नम्बर 1297/289, 259, 290 न्यस्त होने तथा भूमिधारी होने से पक्षकार बनाया गया है। वाद कारण ग्राम ढसूक तहसील अरॉई जिला अजमेर (राज.) में दिनांक 26.05.2025 को उत्पन्न हुआ जब अप्रार्थीगण ने प्रार्थी की भूमि की सीमाओं को नष्ट करने का असफल प्रयास किया तथा सीमाज्ञान दिनांक 10.06.2025 को मानने से इन्कार कर देने पर उत्पन्न हुआ तथा वाद कारण तब तब उत्पन्न होता है जब जब अप्रार्थीगण हंकाई जुताई के वक्त सीमाओं को तोड़ फोड़ कर देते है, वाद कारण निरन्तर जारी है।

प्रकरण दिनांक 4.7.2025 को दर्ज रजिस्टर किया गया । तथा नोटिस तामिली हेतु भिजवाये गये। तामिली रिपोर्ट प्राप्त हुई । दिनांक 14.11.2025 को बावजूद तामिली अनुपस्थित रहने पर को प्रतिवादी 1,3,8,16,23,32,21,35,40,49 का जवाब बन्द तथा शेष के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की गई । दिनांक 28.11.2025 को बहस सुनी गई ।

हमारे द्वारा पत्रावली का अवलोकन किया गया। :पत्रावली में संलग्न दस्तावेजात का अवलोकन व मनन किया गया । वकील वादी की बहस सुनी गई । प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम स्वीकार किया जाता है एवं ग्राम ढसूक पटवार हल्का ढसूक तहसील अंराई जिला अजमेर राजस्थान में स्थित है जिसके खसरा नम्बर 1194/260 रकबा 0.3074 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 1239/260 रकबा 0.2993 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 260 रकबा 1.3349 हैक्टेयर, भूमि का राजस्व रिकार्ड अनुसार मौके पर नाप चौक कर पत्थरगढी करने हेतु तहसीलदार अरांई को कमिश्नर फीस 1000/–रु पर कमिश्नर नियुक्त किया जाकर आदेश दिया जाता है कि प्रार्थीगण द्वारा कमिश्नर फीस 1000/– रु जमा करवाने पर वे मौके पर उपस्थित होकर उक्त वाद ग्रस्त भूमि का पक्षकारान की उपस्थिति में नाप चौक कर पत्थरगढी के आदेश दिये जाते है।

आदेश मेरे द्वारा लिखाया जाकर आज दिनांक 28/12/2025 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर हस्ताक्षरित किया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

उपखण्ड अधिकारी
अंराई (अजमेर)